जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

JAWAB DO SARKAR ™
www.jawabdosarkar.com

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल


रेफरेंस संख्या –2023/palm/01 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | बुधवार, 26 अप्रैल 2023

# आबकारी विभाग का नया कारनामा!!!
# झाड़ियों मे चला रहा शराब की दुकान!!

मौके पर संचालित आरना नर्सरी,जिस पर नियमों को धत्ता बताकर,शराब की दुकान की लोकेशन पास की गई|




## आबकारी विभाग,जयपुर शहर द्वारा दुकान संख्या 16,17,18 गुरुजमबेश्वर नगर पर लाईसेंसी राजकुमार शर्मा को अस्थायी रूप से स्वीकृत की गई कम्पोजिट शराब की दुकान का मामला!!




## आबकारी विभाग का नया कारनामा!!!झाड़ियों मे चला रहा शराब की दुकान!!

आज तक हमारे द्वारा आपको आबकारी विभाग के कई कारनामों से वाकिफ करवाया गया है,जैसे कि कैसे आबकारी विभाग द्वारा आबकारी नियमों को धत्ता बताकर,धार्मिक स्थलों,स्कूलों,अस्पतालों,मजदूर कॉलोनियों के पास शराब की दुकान मंजूर कर दी जाती है|लेकिन आज हम आपको आबकारी विभाग के ऐसे कारनामे से रूबरू करवाने जा रहे है,जिसे पढ़कर आपके नीचे की जमीन भी सरक जाएगी|जी हाँ आपने प्रमुख मार्गों पर खाली भूखंडों/खेतों मे तो लोहे के कंटेनर लगाकर,चलाई जा रही कई शराब की दुकाने देखी होगी,लेकिन यदि नर्सरी की झाड़ियों और गमलों के बीच ही शराब की दुकान खोल दी जाए तो आपका आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक होगा|

जीहाँ अब ऐसा कारनामा आबकारी विभाग जयपुर शहर के जिम्मेदार आबकारी अधिकारियों द्वारा करके भी दिखा दिया है|

आबकारी विभाग ने जयपुर शहर,वृत पश्चिम मे स्थित दुकान संख्या 16,17,18 गुरुजमबेश्वर नगर पर लाईसेंसी राजकुमार शर्मा को अस्थायी रूप से कम्पोजिट शराब की दुकान स्वीकृत कर राजस्व हित मे,अपनी नौकरियों को दांव पर लगाकर,इस असंभव काम को कर गुजरने का जज्बा दिखाया है|

आपको बता दें कि लाईसेंसी राजकुमार शर्मा द्वारा पहले प्लॉट संख्या 19,20,21 गुरु जमबेश्वर नगर पर शराब की दुकान लगाने के लिए आवेदन किया गया लेकिन स्थानीय निवासियों को इस बात का पता लगने और भारी जन विरोध को देखते हुए,पता बदलकर,इसे दुकान संख्या 16,17,18 गुरु जमबेश्वर नगर कर दिया गया|जिसपर संबंधित आबकारी निरीक्षक द्वारा मौका रिपोर्ट देकर, और मौके के कॉर्डिनेट्स बता कर,तीन दिन क्रमश:25,26,27 अप्रेल के लिए अस्थायी रूप से शराब की दुकान स्वीकृत करने की अनुशंसा कर दी|यही नहीं इस अनुशंसा पर संबंधित जिला आबकारी अधिकारी द्वारा इस तथाकथित शराब की दुकान को अस्थायी रूप से स्वीकृत भी कर दी|आपको बता दें कि जिन दुकानों 16,17,18 गुरु जमबेश्वर नगर पर इस दुकान को स्वीकृत की गई है,उनका कोई अस्तित्व ही नहीं है और जिन कॉर्डिनेट्स का संबंधित आबकारी निरीक्षक स्वर उल्लेख किया गया है उन कॉर्डिनेट्स पर आरना नर्सरी का बरसों से संचालन किया जा रहा है|

## झाड़ियों मे चल रही तीन दिन दुकान!

इतना ही नहीं इन तीन दिनों मे इस लाईसेंसी द्वारा गारंटी के पेटे इक्कीस हजार रुपये का माल भी उठा लिया गया है,अब यह तो आबकारी विभाग ही जाने कि इस माल को लाईसेंसी द्वारा कैसे झाड़ियों के पीछे से बेचा गया होगा|

## स्थानीय जनता कर रही विरोध!!

इस मामले मे स्थानीय विकास समिति “ गुरु जमबेश्वर नगर ए विकास समिति” द्वारा जिला आबकारी विभाग को लिखे गए पत्र मे बताया गया है कि जिस पट्टी पर इन दुकानों को बताया गया है, वहाँ पर कोर्ट का स्टे है और इस जगह पर कमर्शियल व्यवसायिक गतिविधियां नहीं चल सकती|विकास समिति द्वारा इस जगह पर शराब की दुकान नहीं लगाने और ऐसा करने पर भारी जन विरोध होने की बात भी कही है|

| Deo | Circle | ShopCode | Name | Minimum Reserve Total | Guarante Fulfill Total | TOTAL | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jaipur West | Shop No 4 Ward no 52(G) 55(G) | Rajkumar Sharma -1408047 | 2778291 | 21022.01 | -2757269 | -99.24 |
| 3 | Jaipur West | Shop No 5 Ward no 39(H) 42(H) 43 (H) | Indraj -1408052 | 1319772 | 109278.63 | -1210493 | -91.72 |
| 11 | Jaipur West | Shop No 3 Ward no 53(G) 54(G) | LOKESH CHOPRA -1408041 | 2701699 | 459956.77 | -2241742 | -82.98 |
| 15 | Jaipur West | SHOP NO 2 WARD NO 45(H) 46(H) | MAHENDAR SINGH RAJPUT -1408028 | 2099703 | 413105.29 | -1686598 | -80.33 |
| 22 | Jaipur West | Shop No 2 Ward no 56(G) 59(G) 60(G) | DHARMENDER KUMAR -1408032 | 3229954 | 693456.03 | -2536498 | -78.53 |
| 23 | Jaipur West | SHOP NO 4 WARD NO 48(G) 50(G) 51(G) | SAGAR -1408046 | 2889388 | 626030.6 | -2263357 | -78.33 |
| 26 | Jaipur West | SHOP NO 1 WARD NO 38(H) | LOKESH CHOPRA -1408010 | 1598777 | 375088.66 | -1223688 | -76.54 |
| 29 | Jaipur West | SHOP NO 1 G.P.KALWAR | PARVEEN KUMAR -1408007 | 1752791 | 432704.55 | -1320086 | -75.31 |
| 32 | Jaipur West | Shop No 4 Ward no 56(G) 59(G) 60(G) | SURENDER -1408049 | 2869816 | 741951.23 | -2127865 | -74.15 |
| 44 | Jaipur West | Shop No 1 Ward no 48(G) 50(G) 51(G) | Rajasthan State Beverages Corporation Ltd. -1408015 | 1727814 | 527794.05 | -1200020 | -69.45 |
| 47 | Jaipur West | SHOP NO 1 WARD NO 65(G) | VIJAY SHIV BHEEL -1408020 | 3686534 | 1182905.28 | -2503629 | -67.91 |
| 48 | Jaipur West | Shop No 5 Ward no 53(G) 54(G) | TINA RAJPUROHIT-1408054 | 2891611 | 942777.9 | -1948833 | -67.40 |
| 54 | Jaipur West | SHOP NO 1 WARD NO 49(G) | Anil Chahar -1408005 | 5214155 | 1889000.35 | -3325155 | -63.77 |
| 57 | Jaipur West | Shop No 8 Ward no 53(G) 54(G) | GULAB SINGH NARUKA -1408060 | 2609860 | 1002775.16 | -1607085 | -61.58 |
| 60 | Jaipur West | SHOP NO 6 WARD NO 67(H) | SONU VERMA -1408058 | 1580431 | 635138.81 | -945292.2 | -59.81 |
| 64 | Jaipur West | Shop No 2 Ward no 67(H) | TUSHAR SUTRADHAR-1408035 | 1661074 | 692466.34 | -968607.7 | -58.31 |
| 69 | Jaipur West | Shop No 2 Ward no 71(H) | Asha Sharma -1408036 | 1264146 | 549748.92 | -714397.1 | -56.51 |
| 78 | Jaipur West | Shop No 7 Ward no 53(G) 54(G) | Santosh Kumar Poonia -1408059 | 2839721 | 1364162.68 | -1475558 | -51.96 |
| 79 | Jaipur West | SHOP NO 2 WARD NO 41(G) 42(G) | sahil arora -1408027 | 2535107 | 1218142.14 | -1316965 | -51.95 |
| 87 | Jaipur West | Shop No 1 G.P.Durjaniyawas | VINEET FREDRICK -1408002 | 564817 | 278571.5 | -286245.5 | -50.68 |
| 88 | Jaipur West | SHOP NO 4 WARD NO 39(H) 42(H) 43 (H) | ramkishan meena -1408045 | 1627983 | 802937.42 | -825045.6 | -50.68 |
| 98 | Jaipur West | Shop No 1 Ward no 39(H) 42(H) 43 (H) | ASHIYA BANO-1408011 | 2432816 | 1306703 | -1126113 | -46.29 |
| 113 | Jaipur West | SHOP NO 1 G.P.SHYOSINGHPURA | PAPPU HARIJAN -1408009 | 603692 | 336453.73 | -267238.3 | -44.27 |
| 114 | Jaipur West | Shop No 2 Ward no 53(G) 54(G) | NISHA -1408031 | 2762490 | 1551534.4 | -1210956 | -43.84 |
| 116 | Jaipur West | Shop No 5 Ward no 56(G) 59(G) 60(G) | JITENDER KUMAR YADAV -1408055 | 2865783 | 1626901.54 | -1238881 | -43.23 |
| 119 | Jaipur West | SHOP NO 2 WARD NO 48(G) 50(G) 51(G) | MAYANK SHUKLA & SHYAM MEHTA -1408029 | 2396713 | 1378526.26 | -1018187 | -42.48 |
| 122 | Jaipur West | SHOP NO 2 WARD NO 65(G) | sarita devi -1408034 | 3783036 | 2191484.93 | -1591551 | -42.07 |
| 124 | Jaipur West | Shop No 1 G.P.Mundota+G.P.Bugaliya | GURPREET SINGH -1408008 | 778575 | 453516.51 | -325058.5 | -41.75 |
| 132 | Jaipur West | SHOP NO 1 G.P.BHAMBORI+G.P.SABRAMPURA | SAURABH KATYAL -1408001 | 1035317 | 613299.56 | -422017.4 | -40.76 |
| 138 | Jaipur West | Shop No 3 Ward no 39(H) 42(H) 43 (H) | SADDAM -1408037 | 2438822 | 1461189.72 | -977632.3 | -40.09 |
| 142 | Jaipur West | SHOP NO 4 WARD NO 63(H) | GAJALA -1408050 | 2492322 | 1502407.35 | -989914.7 | -39.72 |

obile Number Not Same.your mobile No. is xxxxxxx8359 !!

| | |
|---|---|
| **Name of Licensee** | Rajkumar Sharma |
| **Shop name for which location is being applied** | Shop No. 1 ( Shop No 4 Ward no 52(G) 55(G) ) |
| **Type of Location** | Old New |
| **Shop Owner Type** | Own Rent |
| **Details of Property/Owner of Shop (दुकान मालिक):-** | |
| **Name of Property Owner** | Ramkumar Singh |
| **Father's Name of Property Owner** | Radheshyam |
| **Address of Property Owner** | 74 a suraj nagar east civil lines jaipur |
| **State** | Rajasthan |
| **District** | JAIPUR |
| **City** | Jaipur |
| **Details of Proposed Shop Location:-** | |
| **Address of Shop** | shop no. 16,17,18 guru jambheswer |
| **Length of Shop (in feet)** | 30 |
| **Width of Shop (in feet)** | 28 |
| **Details of Road infront of shop** | queens road |
| **Direction in which the gate of shop opens** | East |
| **Details of what is situated on LHS of the shop** | local street |
| **Details of what is situated on RHS of the shop** | Owner Shop |
| **Details of what is situated backside of the shop** | Owner Plot |
| **Nearest Landmark** | Renault Showroom |
| **Latitude & Longitude**( Url Only (* NOT MADATORY)) | 26.9078571,75.7524592 |
| **Upload Agreement Paper with owner** | Choose File No file chosen View |
| **Upload Stamp Duty Challan** | Choose File No file chosen View |
| **CI Remarks** | Temporary permission for 3 days LOCATION AS PER RULE 75. |
| **DEO Remarks** | APPROVED |
| **DEO File** | View |

Cancel

## क्या आबकारी विभाग करेगा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही?

देखना यह है कि यह मामला सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारी इस अस्थायी रूप से स्वीकृत दुकान को यहाँ पर ही पुनः स्थायी रूप से स्वीकृत करते है या फिर जांच करवाकर,दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते है|

रजि. नं. 632 जयपुर/98-99 दि. 02.02.99

**गुरु जम्बेश्वर नगर 'ए' विकास समिति**

कार्यालय : 130, गुरू जम्बेश्वर नगर-ए, लेन नं. 4, गांधी पथ, जयपुर-302021

अध्यक्ष :
डॉ. सुरेश गिल
मो. : 9414042505

कोषाध्यक्ष :
गोविन्द गोपाल गोयल
मो. : 9414454124

महासचिव :
कैप्टन परमानन्द शर्मा
मो. : 8947875834

Date: 11.04.2023

सेवा में

श्रीमान जिला आबकारी अधिकारी महोदय
जयपुर शहर

<u>सन्दर्भः- मदिरा दुकान की आपत्ती बाबत।</u>

<u>विषयः- वार्ड नं. **52,55** ग्रेटर दुकान नं. **4** की दुकान लोकेशन प्लाट नं. **21** गुरू जम्भेश्वर नगर ए में लगने पर भारी जनविरोध बाबत।</u>

महोदय,

निवेदन है कि हम कोलोनीवासी जो कि गुरू जम्भेश्वर नगर के निवासी है आपके पास स्वीकृति के लिए वार्ड नं. 52,55 ग्रेटर दुकान नं.4 की लोकेशन प्लाट नं. 21 पर आयी हुयी है, जबकि प्लाट नं. **19,20,21** कोर्ट द्वारा स्टे में है, जिस पर कोई भी कमर्शियल व्यवसायिक गतिविधी नही चल सकती व साथ में कोर्ट स्टे की पत्रावली संलग्न है साथ में यह प्लाट कोलोनी के मुख्य गेट पर है, जिससे पूरी कोलोनी का आवागमन का मार्ग यही से है इसमें यहा बच्चो का स्कूल से आना जाना महिलाओ का मन्दिर जाना, मदिरा दुकान लगने से सभी को परेशानी का सामना करना होगा अतः श्रीमान से निवेदन है कि इस प्लाट पर लोकेशन स्वीकृति नही दी जाये, नही तो भारी जनविरोध का सामना करना पडेगा। भारी विरोध को देखते हुये व जनभावना के मददेनजर आप इस जगह स्वीकृति नही देगे तो आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद

**अध्यक्ष**
**सुरेश गिल**

**कोषाध्यक्ष**
**गोविन्द गोपाल गोयल**

**महासचिव**
**कैप्टन परमानन्द शर्मा**